The crisis has deepened in the past couple of years and the prime factor is due to fall in demand. The stiff competition offered by giant cotton mills has led to the marketing problems for art-silk mills.

Unless some immediate measures are taken, the crisis of the Art-silk mills will be deepened further. One of the measures could be taken by giving some form of excise concession. The Government should also organise a regular supply of basic inputs at a fair and stable price to enable the small art-silk units to plan and market their production well I request the Government of India to take some immediate steps to remove the crisis in Art-silk mills.

(vi) *Setting up of molasses based industries in Khalilabad (U.P.)*

**श्री कृष्ण चन्द्र पांडे** (खलीलाबाद) : सभापति महोदय, मैं नियम 377 के अधीन निम्न लिखित विषय की ओर मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

उत्तर प्रदेश का पूर्वी भाग औद्योगिक दृष्टिकोण से अत्यन्त पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र की जनता कृषि पर निर्भर है। वेरोज़गारी दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। जनाक्रोष भड़क रहा है। भारत सरकार ने वस्ती जनपद को औद्योगिक दृष्टिकोण से पिछड़ा हुआ घोषित किया है। उत्तर प्रदेश अधिकारियों ने खलीलाबाद को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया है। फिर भी विधि की विडंबना यह है कि उत्तर प्रदेश अधिकारियों ने किसी भी उद्योग का प्रस्ताव भारत सरकार को खलीलाबाद में उद्योग लगाने हेतु नही भेजा है। रा-मॅटीरीयल सीरा, पानी की तरह नालों में बह रहा है। इतना ही नहीं तस्करों द्वारा पूर्वांचल की गन्ना मिलों से चोरी छिपे सीरा लेकर नेपाल में भेज रहे हैं। सीरे पर आधारित बड़ा से बड़ा उद्योग की स्थापना खलीलाबाद में की जा सकती हैं। और इस क्षेत्र के वेरोजगार नौजवानों को रोजी दी जा सकती है। रा-मैटीरियल सीरा का सुदपयोग करके जो रेवेन्यू लास हो रहा है, उससे बचा जा सकता है। परन्तु उत्तर प्रदेश के उद्योग विभाग को कोई चिन्ता नहीं है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का औद्योगीकरण हो या यहाँ की जनता अपने पैरों पर खड़ी हो। जन भावना को, जन समस्याओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वेरोजगारी दूर करने का संकल्प पूज्य प्रधान मन्त्री जी ने 15 अगस्त को ऐतिहासिक लाल किले के अपने भाषण में व्यक्त किया है। सरकार उद्योग स्थापना के लिए रा-मैटीरियल उपलब्ध न होने पर उद्योग नहीं लगाती है परन्तु रा-मैटीरियल रहने पर भी उद्योग न लगाये, वह बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

ऐसी दशा में मेरा उद्योग मंत्री भारत सरकार से विनम्र आग्रह है कि खलीलावाद जनपद बस्ती (उत्तर प्रदेश) में सीरे पर आधारित कोई बड़ा डोग लगाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन को निर्देश दें।

(vii) *Need for a high level enquiry in to the supply of bad quality jute seeds to farmers in Bihar*

**श्री डूमर लाल बैठा** (अररिया) : सभापति महोदय, बिहार राज्य में जूट उत्पादकों को जूट बीज की आपूर्ति सरकार द्वारा की जाती है। सरकार प्रमाणित बीज उत्पादकों से लेकर जूट उत्पादकों को विभिन्न सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी संस्थाओं के द्वारा आपूर्ति करती है। समय पर बीज की आपूर्ति जान बूझ कर नहीं की जाती है जिसके कारण काला बाजार में बीज बड़ी ऊंची कीमतों पर चोरी छिपे बिकते हैं।

किसानों को लाचारी बोआई का मौसम हाथ से न निकल जाए इस हेतु काफी ऊंची